कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 22/04/2024

विषय:- **थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अंतर्जनपदीय अभ्यस्त शातिर चोर राहुल उर्फ अर्जुन गिरफ्तार जिसके कब्जे चोरी की रॉयल इन्फील्ड बुलेट मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 02 लाख 45 हजार) व अवैध तमंचा मय 02 कारतूस बरामद**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 20.04.2024 को थाना कोतवाली पर बुलेट मोटर साईकिल के चोरी के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 34/24 धारा 379 भादवि का सफल अनावरण करते हुये चोरी गयी 01 अदद रायल इन्फील्ड बुलेट मोटरसाइकिल अभ्यस्त शातिर चोर के पास से बरामद किया तथा जामा तलाशी से अभियुक्त के पास से अवैध 01अदद देशी तमंचा.315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर भी बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर बुलेट मोटर साईकिल चोरी के संबंध में पंजीकृत मुकदमें धारा 411/413 भादवि की वृद्धि करते हुये तथा बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के संबंध में मु0अ0सं0- 35/2024 धारा 3/25 आर्म्म एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- एसएसपीजी हास्पिटल कबीर चौरा के पार्किंग स्थल से दिनांक 20.04.2024 को इन्फील्ड बुलेट मोटर साईकिल की चोरी करने वाले शातिर चोर को चोरी की गयी बुलेट मोटर साईकिल व उसके पास रखे अवैध असलहा 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर दिनांक 22.04.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा बरामद करने में सफलता प्राप्त किया गया।

विवरण पूछताछ:- पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त द्वारा बताया गया है कि मैं कई बार जेल जा चुका हूं और अभी कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया हूं। मेरे पास पैसे नही है और मैं मेहनत मजदूरी का काम नही कर पाता हूं मुझे चोरी करना ही आसान लगता है इसलिये मैने कबीर चौरा हास्पिटल से दिनांक 20.04.24 को बुलेट मोटर साईकिल की चोरी कर लिया था और उसको बेचने की फिराक में घूम रहा था कि मुझे पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था। मै अपने पास तमंचा भी रखता हूं क्योकि चोरी करते समय यदि कोई देख लेता है और मुझको पकडने की जब

कोशिश करता है तो मैं असलहा दिखा देता हूं जिससे लोग भाग जाते है और मैं आसानी से भागने में कामयाब हो जाता हूं।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. राहुल उर्फ अर्जुन पुत्र कृष्ण कुमार वर्मा उर्फ राजेश किराये का मकान विजयीपुरा कोनिया थाना आदमपुर वाराणसी उम्र 22 वर्ष

<u>आपराधिक इतिहास अभि0गण:</u>- राहुल उर्फ अर्जुन उपरोक्त

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1.	04/21	411, 413, 414, 420, 467, 468, 471 भादवि	कोतवाली	वाराणसी
2.	02/22	379, 411, 420, 467, 468 भादवि	चौक	वाराणसी
3.	03/22	3/25 आर्म्स एक्ट	चौक	वाराणसी
4.	128/20	120-B, 34, 379, 411 भादवि	चौक	वाराणसी
5.	147/22	34, 379, 411, 420, 467, 468, 471 भादवि	जैतपुरा	वाराणसी
6.	157/19	323, 504, 506 भादवि	कोतवाली	वाराणसी
7.	119/20	379, 411 भादवि	लंका	वाराणसी
8.	435/20	380, 411, 413, 457 भादवि	लंका	वाराणसी
9.	438/20	380, 411, 413, 457 भादवि	लंका	वाराणसी
10.	444/20	379, 411, 413 भादवि	लंका	वाराणसी
11.	446/20	3/25 आर्म्स एक्ट	लंका	वाराणसी
12.	324/22	34, 379, 411, 413, 414, 420, 467, 468, 471 भादवि	सिगरा	वाराणसी
13.	157/19	323, 504, 506 भादवि	दशाश्वमेध	वाराणसी
14.	66/20	380, 411, 457 भादवि	लंका	वाराणसी
15.	34/23	3(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट	अदलहाट	मिर्जापुर
16.	134/22	34, 411, 413, 414, 420, 467, 468, 471	अदलहाट	मिर्जापुर
17.	135/22	307 भादवि	अदलहाट	मिर्जापुर
18.	136/22	25, 27, 3 आर्म्स एक्ट	अदलहाट	मिर्जापुर
19.	34/24	379/411/413 भादवि	कोतवाली	वाराणसी
20.	35/24	3/25 आर्म्स एक्ट	कोतवाली	वाराणसी

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

1. 01 अदद रायल इन्फील्ड बुलेट मोटरसाइकिल नं0 UP67P4141
   चेसिस नम्बर ME3U3S5COFE794448
2. 01अदद देशी तमंचा.315 बोर
3. 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u> दिनांक- 22.04.2024 स्थानः- पाताल पुरी मठ के पास, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 राम पूजन बिन्द, चौकी प्रभारी कबीर चौरा थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 सुमन यादव, चौकी प्रभारी अमियामण्डी, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. उ0नि0 पीयूष कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
5. का0 शिवम भारती थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. का0 अखिलेश कुमार थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
कमिश्नरेट वाराणसी